भारत: वदि्युत का तीसरा बड़ा उत्पादक

प्रीलम्सि के लयि:

वशि्व के शीर्ष वदि्युत उत्पादक देश, IEA

मेन्स के लयि:

ऊर्जा सुरक्षा

चर्चा में क्यों?

‘अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी’ (International Energy Agency- IEA) द्वारा प्रकाशति ‘की वर्ल्ड एनर्जी स्टेटक्सि’ (Key World Energy Statistics) के अनुसार, भारत बजिली उत्पादन में तीसरे (वर्ष 2019 में) तथा प्रतवि्यक्त‍ि वदि्युत खपत के मामले में 106वें स्थान (2017) पर रहा है।

मुख्य बदि:

- 1,497 टेरावाट-हॉवर (Terawatt-hour- TWh) वदि्युत उत्पादन के साथ भारत अमेरिका एवं चीन के बाद दुनिया का तीसरा बड़ा वदि्युत उत्पादक एवं उपभोक्ता देश है।
- स्वतंत्रता के बाद से वदि्युत उत्पादन 100 गुना से अधकि हो गया है, परंतु आर्थकि गतविधियों में वृद्धि के कारण वदि्युत की मांग, उत्पादन से अधकि रही है।

वशि्व के शीर्ष वदि्युत उपभोक्ता देश:



//

संबंधति सरकारी पहल:

- **सौभाग्य योजना (Saubhagya Scheme):**
    - भारत सरकार ने देश में 40 मलियिन से अधकि परविारों को वदि्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 'प्रधानमंत्री सहज बजिली हर

घर योजना' (Pradhan Mantri Sahaj Bijli Har Ghar Yojana) शुरू की है।

- **उज्जवल डिस्कॉम एश्योरेंस योजना (Ujwal Discom Assurance Yojana- UDAY):**
  - उदय योजना को विद्युत मंत्रालय ने राज्य डिस्कॉम की खराब वित्तीय स्थिति मे सुधार करने के लिये आरंभ किया था।
- **उजाला (Unnat Jyoti by Affordable LEDs for All- UJALA):**
  - इस योजना का उद्देश्य दक्ष प्रकाश व्यवस्था को बढ़ावा देना, दक्ष उपकरणों के उपयोग करने के बारे में जागरूकता बढ़ाना है तथा विद्युत बिल में कमी लाना है। यह योजना 'एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड' (Energy Efficiency Services Limited) द्वारा क्रियान्वित की जा रही है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (IEA):

- अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी एक स्वायत्त संगठन है, जो अपने 30 सदस्य देशों और 8 सहयोगी देशों के साथ वैश्विक स्तर पर विश्वसनीय, सस्ती एवं स्वच्छ ऊर्जा सुनिश्चित करने हेतु काम करती है।
- इसकी स्थापना (1974 में) 1973 के तेल संकट के बाद हुई थी जब ओपेक दशों ने तेल की कीमतों में भारी वृद्धि के साथ दुनिया को चौंका दिया था।
- IEA के मुख्य क्षेत्र हैं-
  - ऊर्जा सुरक्षा
  - आर्थिक विकास
  - पर्यावरण जागरूकता
  - वैश्विक संबद्धता (Engagement Worldwide)

भारत वर्ष 2017 में अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी का एक सहयोगी सदस्य बना। इसका मुख्यालय पेरिस में है।

वर्ल्ड एनर्जी आउटलुक (World Energy Outlook- WEO):

- यह रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (International Energy Agency- IEA) द्वारा जारी की जाती है।

फ्यूचर ऑफ सोलर फोटोवोल्टिक' (Future of Solar Photovoltaic) रिपोर्ट:

- यह रिपोर्ट ऊर्जा थिंक टैंक 'अंतर्राष्ट्रीय नवीकरणीय ऊर्जा एजेंसी' (International Renewable Energy Agency- IRENA) द्वारा जारी की जाती है।

'की वर्ल्ड एनर्जी स्टेटिक्स' (Key World Energy Statistics- KWES):

- KWES रिपोर्ट अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

स्रोत: पीआईबी

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/india-3rd-largest-producer-of-electricity